तापमान
अधिकतम 43.7 डिग्री
न्यूनतम 29.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 10 जून 2025

12 भाजपा हर बूथ पर 20 पौधे रोपेगी



12 योग से छात्रों को रिलैक्स रहने के लिए टिप्स



## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** हेरोइन तस्करी के मामले में सीआईए –नारायणगढ़ ने आरोपी मोहम्मद जुनैद को 55 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। अब उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपी को नाकाबंदी कर काबू किया। तलाशी लेने पर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 55 ग्राम हेरोइन बरामद की। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत केस भी दर्ज किया गया है।

### हवाई फायर करने का आरोपी किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज मारपीट व हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी परवेश को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। शिकायतकर्ता अमित ने 24 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी सुमित व अन्य ने गांव बब्याल में उससे मारपीट करते हुए हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की जिम्मेवारी सीआईए-2 को दी थी।

### ट्रेन में यात्री के लाखों के जेवर चोरी

**पानीपत।** पानीपत रेलवे स्टेशन पर ऊंचाहार एक्सप्रेस ट्रेन में कानपुर से चंडीगढ़ के लिए सफर कर रहे राधा किशन गुप्ता की पत्नी रीता गुप्ता का हैंडबैग चोरी हो गया। जीआरपी को दी शिकायत में राधा किशन गुप्ता निवासी कानपुर, उत्तर प्रदेश ने बताया कि वह पांच जून को पत्नी के साथ हिमाचल प्रदेश के कसौली में आयोजित भतीजी की शादी में जाने के लिए ऊंचाहार एक्सप्रेस में सवार थे। उसकी पत्नी रीता गुप्ता के पास हैंड बैग था। पुरानी दिल्ली व पानीपत के बीच चोरों ने बैग चोरी कर लिया। बैग में आईफोन समेत दो मोबाइल, तीन सोने की अंगूठियां, सोने की चेन, बालिया व 50 हजार रुपए कैश था।

### हादसे में घायल इंजीनियर की मौत

**पानीपत।** पानीपत में जीटी रोड पर बाइक की टक्कर लगने से सॉफ्टवेयर इंजीनियर अभिषेक द्विवेदी निवासी ग्वालियर, मध्य प्रदेश की मौत हो गई। वहीं अभिषेक अपने दोस्तों के साथ मनाली से घूमकर वापस ग्वालियर लौट रहा था। रास्ते में सभी खाना खाने के लिए रुके थे। बस से उतरने के दौरान अभिषेक को तेज रफ्तार आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर, पुलिस ने केस दर्ज किया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# सोमवार को दिनभर आसमान से बरसती रही आग, भीषण गर्मी के कारण हाल बेहाल हुए लोग, पारा पहुंचा 40 डिग्री के पार

## गर्मी की तपिश के कहर से सुनसान हुए बाजार, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भीषण गर्मी के कहर से जिलेवासी हाल बेहाल हो रहे हैं। आलम यह है कि पिछले कई दिन से सुबह होते ही आसमान से आग टपकने लगती है। जिससे दिन प्रतिदिन मौसम में तापमान में वृद्धि हो रही है और लोग गर्मी की तपिश से हलकान हो रहे हैं। गर्मी की तपिश के कारण रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व बाजार दोपहर के समय सूनसान रहने लगे हैं। वहीं, भीषण गर्मी के चलते दिन तापमान में वृद्धि हो रही है। सोमवार को तापमान अधिकतम 40 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री पहुंच गया।



### बेल के जूस की बढ़ी डिमांड

गर्मी से राहत पाने के लिए सोमवार को अधिकांश लोगों ने बेल का जूस व अन्य ठंडे पेय पदार्थों का सेवन किया। जबकि कुछ लोगों ने अपने घरों में ही निंबु पानी पीकर गर्मी से ठंडक पाने का प्रयास किया। आलम यह रहा कि दिन भर लोग उमस बनने से बेहाल रहे।



यमुनानगर में सोमवार को दोपहर के समय गर्मी में सूनसान पड़ा जगाधरी रेलवे स्टेशन।

**यमुनानगर।** दोपहर के समय शहर की सड़कों पर इक्का दुक्का गुजरते वाहन चालक।

### जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त

सोमवार सुबह सूर्यदेव के निकलते ही गर्मी पड़नी शुरू हो गई और मौसम में उमस बन गई। दिन बढ़ने के साथ-साथ गर्मी भी बढ़ती गई। दोपहर के समय हालात काफी खराब देखे गए और गर्मी का असर सड़कों पर भी दिखाई दिया। सड़कों पर सामान्य दिनों से कम ही वाहन दिखाई दिए। गर्मी का असर दैनिक कार्यों पर भी देखा गया। वहीं, गर्मी की तपिश के कारण रेलवे स्टेशनों व बस स्टैंड पर यात्री ना के बराबर रहे। आलम यह था कि रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर यात्री गर्मी से राहत पाने के लिए यहां वहां भटकते रहे। वहीं, बाजार व सड़कें भी दोपहर के समय सूनसान हो गए। गर्मी की वजह से जनजीवन पूरी तरह अस्तव्यस्त होकर रह गया।

### गर्मी में पहनें सूती वस्त्र

फिजिशियन डॉ. राजकुमार का कहना है कि गर्मी में स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। सीधी धूप से बचें। तेज धूप में बाहर न निकलें। सूती वस्त्र पहनें और धूप के समय बदन को ढककर रखें। बाजार की तली व भूनी हुई वस्तुओं से परहेज करें। पानी अधिक मात्रा में पिएं और ताजे फलों का जूस ही पिएं। बाजार में बिक रहे पेय पदार्थों के सेवन से पहले गुणवता की जांच कर लें।

## दस लाख लीटर प्रतिदिन साफ होगा पानी, 140 किमी. लंबी सीवरेज लाइन से जोड़ें जाएंगे घर

# 15 करोड़ से बने एसटीपी का उद्घाटन, विज बोले, 15 हजार परिवारों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के बब्याल में 15 करोड़ रुपए की लागत से 10 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का उद्घाटन हो गया। मंत्री अनिल विज ने कहा कि इस एसटीपी के चालू होने से बड़ी आबादी को राहत मिलेगी। काफी समय से इस योजना पर काम चल रहा था। इससे पहले कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे कैबिनेट मंत्री अनिल विज का नगर परिषद अधिकारियों व भाजपा नेताओं ने जोरदार स्वागत किया गया। परिवहन मंत्री अनिल विज ने बताया कि यह ट्रीटमेंट प्लांट कई कॉलोनियों में लगभग 140 किलोमीटर लंबी सीवरेज लाइन से जुड़े 15 हजार घरों को सीवरेज सुविधा पहुंचाएगा। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट आधुनिक एसबीआर तकनीक पर तैयार किया गया है जोकि भविष्य के 25 वर्षों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है।





अंबाला। एसटीपी का उद्घाटन करते हुए मंत्री अनिल विज व मौजूद लोग।

इस ट्रीटमेंट प्लांट से पानी ट्रीट होने के बाद टांगरी नदी में छोड़ा जाएगा।

विज ने कहा कि कलरहेड़ी से मच्छौड़ा तक 341 करोड़ रूपए की लागत से 370 किलोमीटर सीवरेज लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा हैं। सीवरेज लाइन के बिछने से शहर को गंदे पानी से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि जहां पर लाइन बिछ चुकी हैं वहां लोग सीवरेज कनेक्शन लें तभी प्रोजेक्ट का फायदा मिलेगा।

### इन कॉलोनियों को मिलेगी सुविधा

इन कॉलोनियों को मिलेगी सुविधा विज ने बताया कि बब्याल सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट आप्रेशनल होने से टुंडला मंडी, कलरहेड़ी, डिफेंस कॉलोनी के सेक्टर ए, बी, सी व डी के अलावा बाले का नगला, डिफेंस इन्कलेव, बोह, आनंद नगर, दलीपगढ़, बब्याल, कृष्णा नगर, श्याम नगर, अर्जुन नगर, वशिष्ठ नगर व अन्य कॉलोनियों के 15 हजार घरों को सुविधा पहुंचाएगा। उन्होंने इस मौके पर कहा कि कलरहेड़ी से लेकर मच्छौड़ा तक 341 करोड़ रूपए की लागत से 370 किलोमीटर सीवरेज लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा हैं।

### चार प्लांट का हो रहा निर्माण

मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर बताया कि अंबाला छावनी में बेहतर सफाई व स्वच्छता के लिए सीवरेज लाइन डाली जा रही है इससे छावनी को गंदे पानी से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने बताया कि बब्याल में ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन किया गया है जबकि 12 क्रॉस रोड, मच्छौड़ा तथा गांव खुड्डा में भी जल्द ट्रीटमेंट प्लांट को तैयार कर इसे चालू किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, ललता प्रसाद, मदन लाल शर्मा, नरेंद्र राणा, मंडल प्रधान विकास बहगल, रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा व प्रवेश शर्मा के अलावा पूर्व मंडल प्रधान किरण पाल चौहान, विजेंद्र चौहान सहित डिंपल राणा, बिल्लू राणा, बलजिंद्र पाल, संजीव अत्री, हिमांशु सिंह, दीपक भसीन, अजय बवेजा, भरत कोछड़, संजीव सोनी, आशीष अग्रवाल, श्याम सुंदर अरोड़ा, महिला मोर्चा अध्यक्ष साधना भी मौजूद रही।




कुरुक्षेत्र। प्रशासनिक अधिकारियों, पार्षदों और कॉलेज प्राचार्या की बैठक को संबोधित करते आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा।

# योग मैराथन बनाएगी नया रिकॉर्ड: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा खेल विभाग एवं आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर पर होने वाली योग मैराथन हरियाणा का नया रिकॉर्ड बनाएंगी। इस योग मैराथन का राज्य स्तरीय आयोजन 15 जून को कुरुक्षेत्र में होने जा रहा है। इस योग मैराथन में 25 हजार से ज्यादा लोग, योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा के लिए दौड़ लगाएंगे। इस मैराथन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए अलग-अलग विभागों को जिम्मेवारी सौंप दी गई है। आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों, पार्षदों और कॉलेज प्राचार्या की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले महानिदेशक संजीव वर्मा ने पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के केन्द्रीय प्रभारी राकेश से योग मैराथन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए विचार विमर्श साझा किया। उन्होंने कहा कि मैराथन में हिस्सा लेने के लिए गुगल फॉर्म तैयार किया जा रहा है। जो युवा इस कार्यक्रम में हिस्सा लेगा उसको सर्टिफिकेट भी जारी किया जाएगा। जिसके लिए उन्हें सेल्फी लेकर अपडेट करनी होगी। इसके अलावा जिला प्रशासन की तरफ से उपहार भी दिए जाएंगे।

# लाइनमैन के निलंबन के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

**चेतावनी**

**टूटे तार की चपेट में आने से मौत के मामले में जितेन्द्र को निलंबित किया, कर्मचारियों ने चेतावनी दी बहाल नहीं किया, तो काम छोड़कर धरना देंगे**

समालखा में बिजली निगम में लाइनमैन जितेन्द्र के निलंबन के विरोध में कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। सोमवार को कर्मचारियों ने सुबह 9 से 11 बजे तक प्रदर्शन किया। कर्मचारी नेता शेखर शर्मा की अध्यक्षता में हुए प्रदर्शन का संचालन सब यूनिट सचिव अशोक लाइनमैन ने किया।

एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की स्थानीय यूनिट प्रधान सुरेन्द्र दूहन ने बताया कि मनाना गांव में एक किसान की बिजली के टूटे तार की चपेट में आने से मौत के मामले में जितेन्द्र को निलंबित किया गया। उन्होंने कहा कि जितेन्द्र की उस दिन वहां ड्यूटी ही नहीं थी। यूनियन ने एसडीओ को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है। यदि इस दौरान जितेन्द्र को बहाल नहीं किया, तो सभी कर्मचारी काम छोड़कर पूरा दिन शांतिपूर्वक धरना-प्रदर्शन करेंगे।



कुरुक्षेत्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज सोमवार को वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण करती हुईं।

## सीजेएम ने किया वन स्टॉप सेंटर व सेफ हाउस का निरीक्षण

कुरुक्षेत्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने वन स्टॉप सैंटर कुरुक्षेत्र का दौरा कर निरीक्षण किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज सोमवार को वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण करने उपरांत वन स्टॉप सेंटर के स्टाफ को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। इससे पहले सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली को देखा तथा विक्टिमस को दी जाने वाली सुविधाओं को जाना, वहाँ की साफ सफाई का जायजा लिया और इस दौरान उनके रजिस्टर भी चैक किए। इसके उपरांत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने सेफ हाउस कुरुक्षेत्र का निरीक्षण किया और वहां पर उन्होंने मौजूद कपलस से बातचीत की उनकी समस्याएं जानी। सीजेएम ने सेफ हाउस की साफ सफाई व उनको दिए जाने वाले भोजन का जायजा लिया। उन्होंने सेफ हाउस में रहने वाले कपलस को डीएलएसए के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

## बाल दिवस-2024 का राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह 13 को

**राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय व मुख्यमंत्री की पत्नी करेंगी शिरकत**

**करनाल।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ द्वारा बाल दिवस-2024 के उपलक्ष में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह 13 जून, 2025 को करनाल में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय व विशिष्ट अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी शिरकत करेंगी। कार्यक्रम हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता की अध्यक्षता में होगा। सोमवार को इस कार्यक्रम के संबंध में करनाल सीटीएम मोनिका ने बाल कल्याण परिषद के अधिकारियों व अन्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि डीसी करनाल एवं अध्यक्ष जिला बाल कल्याण परिषद उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 13 जून,2025 को करनाल के मंगल सेन सभागार में आयोजित होगा।

## व्यक्ति ने महिला के साथ किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी में व्यक्ति ने महिला को प्रेम जाल में फंसा कर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने महिला की अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल किया। 34 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गुरप्रीत सिंह के साथ जान पहचान थी। आरोपी उससे फोन पर बात करने लगा। इस दौरान आरोपी ने उसे प्रेम जाल में फंसा लिया। एक जनवरी 2024 को आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। वह एक होटल में लेकर गया। जहां आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया। इस दौरान आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया। जिसके बाद आरोपी उसे ब्लैकमेल कर उसके साथ संबंध बनाता रहा।

# ऑनलाइन ट्रांजेक्शन का झांसा दे ज्वेलर से ठगे 85 हजार रुपये

**ठगी**

**दो अंगूठियां लेकर फरार हुए शातिर, पुलिस ने दर्ज किया केस**

**बराड़ा।** कस्बे में स्थित एक ज्वेलरी शोरूम से दो शातिर ठगों ने ऑनलाइन भुगतान का झांसा देकर लगभग 85 हजार रुपये की दो अंगूठियां ठग ली। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ज्वेलर अमन गर्ग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2 जून को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे एक कार में सवार दो व्यक्ति उसकी दुकान पर आए। उनमें से एक युवक ने स्वयं को अंबाला के निवासी बताया। कहा कि उसकी साली की शादी की सालगिरह है। उसके लिए उसे एक लाख रुपये तक की दो अंगूठियां खरीदनी हैं। एक पुरुष और एक महिला के लिए। युवकों ने 85,882 रुपये की दो अंगूठियां पसंद की। भुगतान के लिए पहले उन्होंने गूगल पे करने की बात कही लेकिन फिर एनईएफटी के माध्यम से भुगतान करना बेहतर बताया। ज्वेलर द्वारा बैंक खाता नंबर देने पर युवकों ने मोबाइल स्क्रीन पर ट्रांजेक्शन सफल दिखाते हुए अपने बैंक खाते का बैलेंस भी दिखाया। कुछ समय बीतने के बाद भी जब अमन के खाते में भुगतान नहीं आया तो उन्हें ठगी का संदेह हुआ। उन्होंने युवक को फोन किया तो उसने कहा कि यदि पैसे ट्रांसफर नहीं हुए हैं तो वह नकद में भुगतान कर देगा। लेकिन कई दिन बीतने के बावजूद न तो नकद भुगतान हुआ और न ही कोई संपर्क हो पाया।

## स्वीमिंग करने वालों ने विज को दी मामले की शिकायत, तुरंत हरकत में आए मंत्री

# बंद पड़ा था ऑल वेदर स्वीमिंग पूल, विज के ऐतराज पर खेल मंत्री ने तुरंत चालू करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में बंद पड़े ऑल वेदर स्वीमिंग पूल को लेकर मंत्री अनिल विज ने कड़ा संज्ञान लिया है।

उन्होंने स्वीमिंग करने वाले बच्चों से मुलाकात करते बंद पड़े पूल को चालू करने के लिए खेल मंत्री गौरव गौतम से बात की। विज ने बताया कि “कुछ बच्चे मेरे पास आए थे जिन्होंने बताया कि वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय स्तर का ऑल वेदर स्वीमिंग पूल नहीं चल रहा है। उन्होंने कहा यह स्वीमिंग उन्होंने बनवाया था। वह सुनकर हैरान हो गए कि बच्चे स्वीमिंग पूल का फायदा नहीं उठा पा रहे हैं। यह बंद हो गया है”। इस मामले में उन्होंने राज्य के खेल मंत्री गौरव गौत्तम से फोन पर बात की और कहा कि यह गलत बात है। इसलिए आप इस पर संज्ञान लें तथा अब तक स्वीमिंग पूल बंद व इसका टेंडर नहीं होने पर जिला खेल अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करें। मंत्री अनिल ने कहा कि अब कम समय में टेंडर नहीं हो सकता इसलिए उन्होंने खेल मंत्री से अनुरोध किया कि स्वीमिंग पूल को सरकार द्वारा स्वयं चलाना चाहिए। मंत्री गौरव गौत्तम ने कहा कि “विज साहब आप बच्चों को कह दो कि शाम से स्वीमिंग पूल चालू हो जाएगा। सरकार इस स्वीमिंग पूल को स्वयं चलाएगी”।

### स्वीमिंग पूल आधुनिक सुविधाओं से लैस



गौरतलब है कि कैबिनेट मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अंबाला छावनी के वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय स्तर के ऑल वेदर स्वीमिंग पूल का निर्माण किया गया था। यह स्वीमिंग आधुनिक सुविधाओं से लैस है जिसमें सर्दी में भी स्वीमिंग की जा सकती है। स्वीमिंग पूल के साथ एक वार्मअप स्वीमिंग पूल भी बनाया गया है। इस स्वीमिंग पूल में खेलो इंडिया व अन्य राष्ट्रीय स्तर के कई मुकाबले हो चुके हैं। मगर इन गर्मियों में स्वीमिंग पूल चालू नहीं होने पर खिलाड़ियों को मायूसी हो रही थी जिस पर मंत्री अनिल विज ने संज्ञान लिया।

# पति ने पत्नी पर किया बैट से हमला, 30 टांके लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

**बेरहमी**

**घटना अंबाला के बब्याल के टंकी वाले मोहल्ले की**

एक पति ने पत्नी को क्रिकेट बैट से बड़ी बेरहमी से पीटा। महिला के सिर पर 30 टांके लगे हैं। वहीं उसके शरीर पर अन्य हिस्सों पर भी चोट आई है। घटना अंबाला के बब्याल के टंकी वाले मोहल्ले की है। झगड़े के चलते आरोपी पति ने पत्नी पर क्रिकेट बैट से हमला कर दिया। दोनों पति-पत्नी अलग रहते हैं। पत्नी की ओर से पिछले महीने पति को तलाक का नोटिस भेजा गया था। इस बात से वह रंजिश में था। सोमवार को आरोपी पति ने पत्नी को बात करने के लिए अकेले अपने घर बुलाया था। जैसे ही महिला घर पहुंची तो आरोपी पति ने उसपर बैट से हमला कर लहूलुहान कर दिया। घायल महिला की पहचान 29 वर्षीय मनप्रीत के तौर पर हुई है। उसका आरोपी पति प्रदीप फरार है। घायल मनप्रीत को उपचार के लिए अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया। उसके दोनों बाजुओं में भी नील पड़े हुए हैं। बाजू तो दूसरे हाथ में जोड़ के एक्स-रे करवाए जा रहे हैं।

घायल मनप्रीत ने बताया कि वह बब्याल में ही टंकी वाली गली में रहती है। उसकी लव मैरिज 2011 में प्रदीप के साथ हुई थी। शादी के बाद एक बेटा व एक बेटी हैं। आपसी झगड़े के चलते कई बार थाने में शिकायत दे चुकी है।

## खबर संक्षेप



रादौर। जाट सभा द्वारा लगाई छबील पर राहगिरों को मीठा जल पिलाते हुए सभा के सदस्य।

### छबील लगाकर राहगीरों को पिलाया मीठा जल

**रादौर।** जाटसभा रादौर के तत्वावधान में कस्बा के जाट नगर में छबील लगाकर राहगीरो को मीठा ठंड जल पिलाकर पुण्य कमाया गया। छबील का शुभारंभ जाट सभा के प्रधान सुरेश बंचल ने राहगिर को ठंडा मीठा जल पिलाकर किया। प्रधान सुरेशपाल बंचल ने कहा कि हर वर्ष जाट सभा की ओर से मीठे ठंडे जल की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई जाती है। उन्होंने बताया कि पिछले कई दिन से मौसम में गर्मी की तपिश बढ़ रही है। ऐसे में राहगिरों का राह में चलना मुश्किल हो रहा है। राहगिरों को राह में चलते हुए प्यास ना लगे इसके लिए जाट सभा द्वारा छबील का आयोजन कर उन्हें ठंडा मीठा जल पिलाया गया।



यमुनानगर के गांव खुर्दबन में मीठे पानी की छबील लगाते ग्रामीण।

### छबील लगाकर ग्रामीणों ने बुझाई राहगीरों की प्यास

**रादौर।** भीषण गर्मी के चलते सोमवार को गांव खुर्दबन के ग्रामीणों ने मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई। इस दौरान सैंकड़ों राहगीरों ने पहुंचकर छबील का जलपान किया। सरपंच सुभाष सैनी ने कहा कि भयंकर गर्मी में ग्रामीणों की ओर से मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाने का पुण्य कार्य किया गया है। ग्रामीणों द्वारा यह कार्य सराहनीय है। उन्होंने ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने की भी अपील की। मौके पर विपिन सैनी, बबलू सैनी, देवीचरण, संजु सैनी, मांगाराम, चेतन सैनी, प्यारा राम व नवदीप आदि मौजूद थे।

# शिक्षा है जीवन मूल्यों, व्यवहार और मानसिक संतुलन का समावेश: डॉ. शर्मा

## न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर यमुनानगर में चल रहे दो दिवसीय स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

■ प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर शिक्षकों को हेल्थ एंड वेलनेस के बारे में जानकारी देते हुए प्रशिक्षक। फोटो :हरिभूमि

सीबीएसई द्वारा न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर (यमुनानगर) में शिक्षकों के लिए आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हो गया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने भाग लिया। जबकि प्रशिक्षक के रुप में हंसराज पब्लिक स्कूल पंचकूला की प्राचार्या एवं शिक्षाविद जया भारद्वाज व रॉक गोल्ड अकेडमी शामली की प्राचार्या अनीता सिवाच ने भाग लिया। स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने कहा कि सीबीएसई द्वारा उनके स्कूल में आयोजित दो दिवसीय स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य शिक्षकों को स्कूलों में स्वास्थ्य और कल्याण संबंधी शिक्षा को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल को इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को सीबीएसई द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### शिक्षकों को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया

डॉ. बिंदु शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल शिक्षकों के लिए उपयोगी रहा है। बल्कि हमारे स्कूल की उस सोच को भी मजबूती देता है जिसमें शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं है। बल्कि जीवन मूल्यों, व्यवहार और मानसिक संतुलन का समावेश है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों को एक नई दृष्टि प्रदान करते हैं। जिससे वह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में और अधिक प्रभावशाली भूमिका निभा सकें। मौके पर प्रशिक्षक जया भारद्वाज व सुश्री अनीता सिवाच ने शिक्षकों को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से विषय की गहराई तक समझाया। दोनों प्रशिक्षकों ने शिक्षकों को हेल्दी लाइफ स्टाइल, संतुलित पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक भावनात्मक विकास, किशोर स्वास्थ्य, लैंगिक समानता, व्यक्तिगत स्वच्छता वस्कूल में हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम की कार्यान्वयन प्रक्रिया जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सरल, संवेदनशील और व्यवहारिक रूप से प्रस्तुत किया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को सक्रिय रूप से शामिल करने के लिए समूह चर्चा, केस स्टडी, रोल प्ले और प्रेजेंटेशन जैसी गतिविधियां भी करवाई गईं।

## पांच दिवसीय राज्यस्तरीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर का आगाज

# बाढ़ जैसी आपदा से निपटने के लिए पूर्ण तैयारियां जरूरी: एसडीएम

■ राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा जिले के हथनीकुंड बैराज पर पांच दिवसीय राज्य स्तरीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




यमुनानगर के हथनीकुंड बैराज पर शुरु हुए पांच दिवसीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते एसडीएम रोहित कुमार।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा के तत्वावधान में जिले की सीमा स्थित हथनीकुंड बैराज पर सोमवार को पांच दिवसीय राज्यस्तरीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का समापन 13 जून को किया जाएगा। शिविर के शुभारंभ अवसर मुख्यातिथि के रुप में छछरौली के एसडीएम रोहित कुमार ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिला राजस्व अधिकारी तरुण सहोता ने मोमेंटो देकर एसडीएम बिलासपुर का स्वागत किया। मुख्यातिथि एवं एसडीएम रोहित कुमार ने कहा कि एक अच्छा तैराक किसी के जीवन को बचा सकता है। जब भी बाढ़ जैसी आपदा आती है तो प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्ति ही बाढ़ में फंसे लोगों की बेहतर ढंग से सहायता कर सकते हैं। किसी भी प्रकार का प्रशिक्षण लेने से जहां व्यक्ति का आत्मविश्वास बढ़ता है। वहीं, उसमें निपुणता आती है। एसडीएम रोहित कुमार ने कहा कि हर तैराक को चाहिए कि वह पानी में उतरने से पहले अपनी ऊर्जा पानी से ज्यादा बना कर रखे। ताकि पानी पर विजय प्राप्त की जा सके। इसके लिए हर तैराक को मानसिक रूप से तैयार रहना है। उन्होंने कहा कि पांच दिन तक चलने वाले इस बाढ़ राहत प्रशिक्षण में पूरे राज्य से 51 प्रशिक्षणार्थी व 13 प्रशिक्षिक भाग ले रहें हैं। एसडीएम रोहित कुमार ने कहा कि मानवता की सेवा व समाज की रक्षा के लिए ऐसे प्रशिक्षणों को जरूर सीखना चाहिए। जब प्राकृतिक एवं अप्राकृतिक आपदा आती है तो ऐसे में आपदा से सही समय पर सही ढंग से निपटने के लिए बेहतर नेतृत्व की आवश्यकता होती है। क्योंकि आपदा के आने पर बेहतर नेतृत्व लोगों को मिल जाए तो आपदाओं से निपटने में लोगों को तत्काल सहायता मिलती है।

### प्रशिक्षण शिविर आवश्यक

जिला राजस्व अधिकारी तरुण सहोता ने कहा कि प्रशिक्षणार्थियों को बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर में आकर बहुत कुछ सीखने का मौका मिलेगा और अनुभव प्राप्त होगा। खासकर बाढ़ जैसी आपदा से निपटने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण की बहुत आवश्यकता होती है। इस प्रशिक्षण में एनडीआरएफ के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को आग व भूकम्प आदि जैसी आपदा से निपटने के लिए भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षणार्थियों व प्रशिक्षकों के ठहरने व खान पान की बेहतरीन व्यवस्था की गई है।

### पानी में बोट चलाने का मिलेगा प्रशिक्षण

मुख्य प्रशिक्षक मुकेश ने बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षणार्थियों को चलते पानी में मोटर बोट चलाना, चप्पू से नाव चलाना, तैराकी व प्राथमिक उपचार आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण लेकर अपने अपने गांवो में जाकर लोगों को आपदा से निपटने के उपाय जैसे तैराकी, पानी की खाली बोतलों से लाइफ जैकेट बनाना, चारपाई की नाव बनाना, अपनी सुरक्षा करते हुए लोगों की जान बचाना आदि का प्रशिक्षण लेंगे। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. मनजीत सिंह, जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी मनोज कुमार, थाना प्रभारी प्रताप नगर बलकार सिंह, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्तिक चौहान व नायब तहसीलदार आनंद रावल आदि मौजूद रहे।

# इनकम टैक्स रिफंड के नाम पर ठगी करते हैं साइबर ठग

## पुलिस कर रही है लोगों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



■ साइबर ठग देते हैं तरह तरह के प्रलोभन सतर्क रहें

यमुनानगर में साइबर ठगी से बचने की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक।

आमजन को साइबर अपराधों और उनसे बचने के बारे में जागरूक करने के लिए पुलिस विभाग द्वारा प्रयास लगातार जारी है। पुलिस अलग-अलग तरीकों से आमजन को जागरूक करने में जुटी है। पुलिस विभाग द्वारा जहां शिक्षण संस्थानों में विधार्थियों को जागरूक कर रही है वहीं आम लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं ।

पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने कहा कि साइबर ठगों के निशाने पर हर वह आदमी है। जो किसी भी डिजिटल माध्यम से जुड़ा है फिर चाहे वह इंटरनेट मीडिया हो या फिर इंटरनेट बैंकिंग। उन्होंने कहा कि साइबर ठग इनकम टैक्स रिफंड के नाम से ठगी कर रहें हैं। आमजन को इनसे सतर्क रहने की जरुरत है। इनकम टैक्स रिफंड के लिए बैंक खाता वेरीफाई करने का मैसेज आए तो सावधान हो जाइये। साइबर ठगों द्वारा ठगी की वारदातों को अंजाम देने के लिए इनकम टैक्स रिफंड के नाम से भेजे जा रहे मैसेज। उन्होंने बताया कि साइबर ठगों द्वारा भेजे गए किसी भी लिंक को ओपन ना करें । साइबर ठग कभी पेंसन स्कीम का लालच देते हैं कभी फर्जी लोन एप्प के माध्यम से। कभी बिना आर्डर का पार्सल भेजकर तो कभी कॉल फॉरवर्डिंग करके और कभी किसी व्यक्ति की ईमेल, व्हाट्सएप, फेसबुक आईडी को हैक करके शातिर उनको साइबर ठगी का शिकार बनाने से नहीं चुकते। ऐसे में आमजन को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि वह अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट व बैंकिंग एप्स को सुरक्षित लॉक करके रखें तथा अपनी निजी जानकारी को किसी भी व्यक्ति से सांझा करने से बचें।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि साइबर जालसाजी से बचने का सबसे बेहतर तरीका जागरूक होना है। फिर भी यदि फ्राड हो जाये तो नेशनल साइबर हैल्पलाइन नम्बर1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवाएं।

# विद्यार्थी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जीवन में रहें सकारात्मक: सुभाष

■ सात दिवसीय भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापा में चल रहे भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का रविवार को समापन हो गया। शिविर के अंतर्गत कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। शिविर के समापन पर मुख्यातिथि के रुप में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष चंद ने भाग लिया।

प्रधानाचार्य सुभाष चंद ने बताया कि शिविर में विद्यार्थियों ने बुनियादी अभिवादन, अक्षर, संख्याएं, हस्ताक्षर, वर्चुअल सिटी टूर, कला, संगीत, नृत्य, चित्रकारी, स्थानीय व्यंजन, संस्कृति, सशस्त्र बल, नदी, पहाड़, ऐतिहासिक स्मारकों, इतिहास भूगोल, स्वतंत्रता सेनानियों व खेलों आदि विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर महत्वपूर्ण जानिकारियां हासिल की। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जीवन में सकारात्मक रहना चाहिए। यह शिविर विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। अभिभावकों को चाहिए कि वह अपने बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार उन्हें आगे बढ़ने का पूरा अवसर प्रदान करें। शिक्षकों का भी कर्तव्य बनता है कि वह प्रत्येक बच्चे के टैलेंट को पहचान कर उन्हें तराशने का प्रयास करें।

# महापौर आवास के उद्घाटन पर किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



कृषि एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, मेयर सुमन बहमनी तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल रहे मौजूद

शहर के मॉडल टाउन में सोमवार को नगर निगम मेयर सुमन बहमनी के आवास का उद्घाटन किया। इस दौरान कृषि एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल समेत अन्य निगम अधिकारियों ने हवन यज्ञ में आहूति डाली। इस दौरान पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गई। इस दौरान मेयर सुमन बहमनी ने उद्घाटन समारोह में पहुंचे सभी अतिथियों, निगम पार्षदों, भाजपा पदाधिकारियों व अन्य को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे वितरित किए। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने महापौर आवास के उद्घाटन पर मेयर सुमन बहमनी को बधाई दी और कहा कि आज से यह कार्यालय हर नागरिक के लिए खुला रहेगा। पर्यावरण संरक्षण व एक पौधा मां के नाम के साथ कार्यालय में पौधे रोपित करना सभी के लिए सुखद अहसास है। हम सभी को अपनी मां के नाम से एक पौधा जरूर रोपित करना है। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि यह कार्यालय किसी पद या व्यक्ति का नहीं। यह जनता की सेवा के लिए जनता का अपना कार्यालय है। हवन और पौधारोपण न केवल परंपरा हैं बल्कि हमारी संस्कृति, पर्यावरण और समाज के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक भी हैं। यमुनानगर के लिए यह कार्यालय केवल शिकायतों का समाधान नहीं बल्कि संवेदनशील शासन और जनसुनवाई का नया केंद्र बनेगा। हर नागरिक से अपील है कि वे कम से कम एक पौधा लगाकर और उसकी देखभाल करके शहर को हरित बनाने में सहभागी बनें। मेयर ने अंत में सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं और आमजन का तहे दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जन सहयोग ही सबसे बड़ी शक्ति है। इसी सहयोग और समर्पण से यमुनानगर को विकास और सौंदर्य का आदर्श शहर बनाएंगे। मौके पर उप निगम आयुक्त कुलदीप मलिक, पूर्व मेयर मदन चौहान, भाजपा नेता राम निवास गर्ग, रोजी मलिक आनंद, भारत भूषण जुयाल व रोचक गर्ग आदि मौजूद रहे।

### आवारा पशुओं के चलते परेशान हो रहे हैं लोग

**रादौर।** रादौर में लावारिश पशुओं की संख्या अधिक होने से क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र की गलियों व सड़कों पर जगह-जगह लावारिश पशुओं के झुंड देखे जा सकते हैं। जिस कारण वाहन चालक भी दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। लेकिन नगरपालिका द्वारा इन पशुओं के लिए कोई अभियान न चलाए जाने से क्षेत्रवासियों में रोष है।

क्षेत्रवासियों रोहित, राजेश, सोनू, संदीप व राहुल आदि ने बताया कि इलाके में इस समय 100 से अधिक लावारिस पशु सड़कों पर घूम रहे हैं। जो कि दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहे हैं। लावारिस पशु राहगीरों पर हमले तक कर रहे हैं। ऐसे में कई लोग घायल भी हो चुके हैं। यही नहीं इन पशुओं के चलते खेती करने वाले किसान भी बहुत परेशान हैं।



मॉडल टाउन में संपन्न हुए राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते मुख्य वक्ता।

### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन संपन्न

**यमुनानगर।** शहर के मॉडल टाउन स्थित कम्युनिटी सेंटर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन सोमवार को संपन्न हो गया। सम्मेलन के अंतिम दिन सीपीआई के वरिष्ठ नेता स्वर्ण सिंह विर्क और कर्मचारी नेता कुलवंत सिंह ने पार्टी का झंडा फहरा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों और आप्रेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। सीपीआई की राष्ट्रीय सचिव कामरेड अमरजीत कौर ने कहा कि पहलगाम में 26 पर्यटकों की हत्या के असली दोषियों को सरकार अभी तक पकड़ नहीं पाई। आपरेशन सिंदूर के बाद उठने वाले सवालों का जवाब सरकार दे नहीं रही और विपक्षी पार्टियों की बार बार मांग के बावजूद संसद का सत्र बुला नहीं रही। उन्होंने कहा कि युद्ध किसी समस्या का हल नही है लेकिन इस समय में पूरा देश सरकार के साथ खड़ा था तो अचानक सीजफायर हो जाना और अमरीकी राष्ट्रपति द्वारा बार बार सीजफायर का क्रेडिट लेना हमारे देश की संप्रभुता को खतरे में डालने जैसा है। उन्होंने सरकार की विदेश नीति और कूटनीति को पूरी तरह असफल बताया। कामरेड अमरजीत कौर ने कहा कि देश में बेरोजगारी, महंगाई एवं भ्रष्टाचार से आम लोगों का जीवन बद से बदतर होता जा रहा है।

## खंड और जिलास्तर पर आयोजित होंगे कार्यक्रम

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों में भाग लें व प्रेरित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर में अपने कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों भागीदारी करने के लिए जिलेवासियों को आहवान करते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

जिला प्रशासन द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उल्लास के साथ मनाया जाएगा। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में लोगों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए आह्वान किया है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि इस बार योग की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग है। जिला में खंड व जिलास्तर पर योग कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए आयुष विभाग व जिला प्रशासन ने जरूरी तैयारियां व प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि जिला यमुनानगर में अधिक से अधिक संख्या में योग कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए सभी जिलावासी खासकर युवा व खिलाड़ी अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन जरूर कर लें। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि योग दिवस पर प्रातःकालीन सामूहिक योगाभ्यास वु व्याख्यान के कार्यक्रम होंगे तथा इससे पहले योग पर कार्यशालाएं व बच्चों, अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योग दिवस के आयोजन का उद्देश्य योग के माध्यम से मानसिक, शारीरिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। सभी नागरिकों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और योग प्रेमियों से अनुरोध है कि वे इस कार्यक्रम में भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाएं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को जिला में होने वाले जिला व खंड स्तरीय कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए आयुष विभाग द्वारा जिला के सभी लोगों, खिलाड़ियों, शैक्षणिक संस्थानों, अध्यापकों और विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे इस आयोजन में भाग लें।

### प्राणायाम के अभ्यास से मानसिक स्वास्थ्य होता है प्राप्त: डॉ. शिव

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर



■ डीएवी गर्ल्स कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आयोजित किया योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम

डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में सोमवार को योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग विशेषज्ञ डॉ. शिव कुमार ने कॉलेज स्टाफ व छात्राओं को को यौगिक क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। योग विशेषज्ञ डॉ. शिव कुमार ने छात्राओं को योग आसनों के करने से होने वाले फायदों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि योग को दिनचर्या में शामिल कर शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है। दैनिक जीवन में योग आसनों के अभ्यास से व्यक्ति शारीरिक उन्नति कर सकता है। शास्त्रों में कहा गया है कि पहले समय में व्यक्ति सौ साल से ज्यादा समय तक जीवित रहते थे। प्राणायाम के अभ्यास से मानसिक स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है। प्राणायाम करने से शरीर व मन के जो विकार होते हैं वे सांस के द्वारा बाहर निकल जाते हैं। नासिका के जरिए सांस के अंदर बाहर होने से फेफड़ों में भरपूर मात्रा में ऑक्सीजन जाती है। जिससे रक्तसंचार प्रवाह ठीक होता है। कार्यक्रम का आयोजन कार्यवाहक प्रिंसीपल डॉ. सुरिंद्र कौर व मनोविज्ञान विभाग अध्यक्ष शालिनी छाबड़ा के निर्देश पर किया गया।

# केयू आईआईएचएस के 22 प्रोग्राम्स में 1445 सीटों पर दाखिले के लिए विद्यार्थियों में होड़

## एडमिशन प्रक्रिया 1 जून से जारी, ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 21 जून तक

- बैचलर ऑफ आर्टस की 400 सीटें के लिए अभी तक प्राप्त हुए 770 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज में विभिन्न प्रोग्राम्स में सत्र 2025-26 में 1445 सीटों पर दाखिले के लिए विद्यार्थियों में होड़ मची है। आईआईएचएस संस्थान में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 1 जून 2025 से जारी है। वहीं ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 21 जून निर्धारित है। आईआईएचएस की प्राचार्य प्रो. रीटा दलाल ने बताया कि सभी प्रोग्राम्स में दाखिले मेरिट के आधार पर किए जांएगे। इसके साथ ही आईआईएचएस में केजी-टू-पीजी स्कीम के तहत यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों को दाखिले के तहत लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में एनईपी 2020 के तहत 13 विषयों में ऑनर्स शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि संस्थान से शिक्षा ग्रहण कर चुके पूर्व छात्र देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी उच्च पदों पर आसीन होकर केयू को गौरवान्वित कर रहे हैं। इसके साथ ही यहां के पूर्व छात्र राजनीति शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासनिक, पुलिस न्यायिक, क्रीड़ा, शोध क्षेत्र, पत्रकारिता व सिनेमा जगत सहित अन्य विविध क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा परचम फहरा रहे हैं। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि आईआईएचएस में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 1 जून 2025 से शुरू हो चुकी है। उन्होंने बताया कि दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 21 जून 2025 निर्धारित है।




### बैचलर ऑफ आर्टस में 400 सीटें

कुवि के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीज में स्कीम ए के तहत बैचलर ऑफ आर्टस में 400 सीटें, बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिकल साइंस में 320 तथा बैचलर ऑफ लाइफ साइंस के लिए 120 सीटें निर्धारित हैं। वहीं स्कीम डी के तहत बैचलर आफ कंप्यूटर एप्लीकेशन में 100 सीटें, बैचलर ऑफ टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट में 45 सीटें, बैचलर ऑफ साइंस इन होम साइंस में 40 तथा बैचलर ऑफ कॉमर्स में 120 सीटें निर्धारित है। वहीं स्कीम सी के तहत 13 ऑनर्स कोर्सिज में बीएससी विद मेजर इन बॉटनी, बायो केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, फिजिक्स, मैथ, जूलॉजी तथा कंप्यूटर साइंस शामिल हैं। इसके साथ ही बीए विद मेजर संस्कृत, अंग्रेजी, हिन्दी, इतिहास, अर्थशास्त्र व मनोविज्ञान में भी ऑनर्स शुरू की गई है तथा इन सभी 13 विषयों में 20-20 सीटें दाखिले के निर्धारित की गई हैं।

### प्रोग्राम्स में आवेदनों की संख्या

केयू आईआईएचएस के विभिन्न प्रोग्राम्स में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि बीए में 770, बीसीए में 658, बीकॉम में 526, बीएससी लाइफ साइंस में 227, बीएससी फिजिकल साइंस में 200, बीटीटीएम में 94, होम साइंस में 51, एमएससी ऑनर्स इकोनॉमिक्स में 19, एमएससी बायोटेक में 72, कंप्यूटर साइंस में 260, जूलॉजी में 154, अंग्रेजी में 128, केमिस्ट्री में 158, बॉटनी में 112, मैथ के लिए 145, फिजिक्स में 123, इतिहास में 86, मनोविज्ञान में 99, अर्थशास्त्र में 87, हिन्दी में 44, बायोकेमिस्ट्री में 90 तथा संस्कृत में 17 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

### आईआईएचएच में इंटीग्रेटेड कोर्स की सीटें

कुवि के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीज में एमएससी बायोटेक्नोलॉजी पंचवर्षीय तथा एमएससी ऑनर्स इकोनॉमिक्स की 20-20 सीटें निर्धारित है।

## अब तक 10 लाख लोगों ने राज्य स्तरीय योग दिवस के लिए ऑनलाइन करवाया पंजीकरण

# इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा कुरुक्षेत्र में होने वाला योग महाकुंभ : संजीव वर्मा

आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों, पार्षदों, कॉलेज प्राचार्यो से की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को संबोधित करते आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा।

आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा ने कहा कि विश्व इतिहास के पन्नों में कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर 21 जून को होने वाला योग महाकुंभ स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 पर कुरुक्षेत्र में होने वाले राज्य स्तरीय योग दिवस के हर लम्हें पर हिन्दुस्तान की नजर होगी। इस बार योग दिवस पर एक लाख से ज्यादा लोग ब्रह्मसरोवर आइकोनिक स्थल पर एक साथ योगा करेंगे। इस दिन कुरुक्षेत्र के साथ-साथ हरियाणा का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र के लोग इस नए रिकॉर्ड के साक्षी बनेंगे। आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों, पार्षदों और कॉलेज प्राचार्य की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले महानिदेशक संजीव वर्मा ने पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा से थानेसर हल्का से हजारों की तादाद में लोगों को योग दिवस में शामिल करने के अहम विषयों पर चर्चा की और उपायुक्त नेहा सिंह से योग दिवस के तमाम प्रबंधों तथा पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल से सुरक्षा व्यवस्था के बारे में तैयार की गई योजना के बारे में जानकारी हासिल की है। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम प्रशासनिक कार्यक्रम ना होकर सार्वजनिक कार्यक्रम है। इसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं की संवेदनाओं से जनभागीदारी के लिए लगे हुए हैं। जिस अधिकारी, पार्षद व अन्य संस्थान को जो भी जिम्मेदारी दी जाती है, उसको ईमानदारी के साथ पूरा करना होगा। ऐसे में हमारा दायित्व पहले से ज्यादा बढ़ जाता है। इस दायित्व को गंभीरता स लेते हुए ही विश्व रिकॉर्ड कायम हो सकेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा वालों ने पूरी दुनिया को योग सिखाकर ही योग गुरु का दर्जा हासिल किया है। 21 जून को अनुशासन और प्रोटोकॉल के साथ योग करके गिनीज बुक में विश्व रिकॉर्ड दर्ज करना है, इसके लिए जिला प्रशासन ने आवेदन भी कर दिया है। सभी ने मिलकर इस रिकॉर्ड को बनाने में अपना-अपना महत्वपूर्ण योगदान देना है। उन्होंने कहा कि 21 जून को योग करने के लिए अब तक प्रदेश के 10 लाख लोगों ने ऑनलाइन माध्यमों से पंजीकरण किया है। आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा ने कहा कि जिस विभाग को योग करने के लिए जो सदस्य लाने की जिम्मेदारी दी गई है, वो संख्या को पूरा करना सुनिश्चित करें। केडीबी और नगर परिषद शौचालय का प्रबंध करेंगे। इसके अलावा नगर परिषद द्वारा मेला ग्राउंड को समतल करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में इमरजेंसी के सभी प्रबंधों को पुख्ता किया जाना सुनिश्चित करें।

### 1 हजार लोगों की सीटिंग का बनाया प्लान : नेहा सिंह

उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए ब्रह्मसरोवर और मेला ग्राउंड में कार्यक्रम किया जाना तय हुआ है। दोनों जगहों को सेक्टरों में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर में एक हजार लोगों की सीटिंग की गई है। लोगों की मदद के लिए प्रशासन की तरफ से नोडल अधिकारी और पतंजलि व संस्थाओं की तरफ से एक-एक वालंटियर नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेला ग्राउंड में स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों को बिठाया जाएगा। शहर, गांवों, संस्थाओं और पतंजलि की ओर से आने वालों को ब्रह्मसरोवर परिसर में बनाए गए सेक्टरों में बिठाया जाएगा। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के केन्द्रीय प्रभारी राकेश, अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट, एसडीएम थानेसर अमन कुमार, एसडीएम पंकज सेतिया, एसडीएम डा. चिनार चहल, एसडीएम कपिल कुमार, डीएमसी सतेंद्र सिवाच, जिला परिषद सीईओ शंभू सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### योगा डे के लिए तीन तरह से करवा सकते हैं पंजीकरण

*आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा ने कहा कि 21 जून को योग दिवस के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवाया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति तीन तरह से पंजीकरण करवा सकता है। इनमें मोबाइल नंबर 9501131800 पर मिस कॉल करें, डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट इंटरनेशनल योग डे एचआरवाई डॉट इन पोर्टल पर जानकारी दर्ज करके और विभाग द्वारा तैयार किए गए बार कोड को स्कैन करके पंजीकरण करवा सकते हैं।*

### हिस्सा लेने वालों को टी-शर्ट और औषधीय पौधे बांटे जाएंगे

*आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम कुरुक्षेत्र में हिस्सा लेने वालों को एक-एक टी-शर्ट और एक-एक औषधीय पौधा वितरित किया जाएगा। साथ ही 10 हजार को पहले आने पर मैट साथ लेकर जाने दिया जाएगा। इसके अलावा जल-पान रिफ्रेशमेंट का भी प्रबंध किया गया है। उन्होंने कहा कि योग कार्यक्रम में हिस्सा लेने वालों को लाने और वापस उसी स्थान पर छोड़कर आने की भी व्यवस्था की गई है।*

### कार्यक्रम को सफल बनाने में दिन-रात कर रहे काम : सुभाष सुधा

*पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को ऐतिहासिक और भव्य बनाया जाएगा। इसके लिए उनकी टीम दिन-रात कार्य कर रही है। शहर और गांवों में लोगों को योग के साथ जोड़ा जा रहा है। साथ ही उनके कार्यक्रम में जाने-जाने का भी प्रबंध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से पूरे विश्व में कुरुक्षेत्र का एक बार फिर नाम होगा। उन्होंने सभी पार्षदों की तरफ से पूरा सहयोग किए जाने का आश्वासन भी दिया।*

## न्यूज डायरी

### योग एवं जीवन निर्माण शिविर का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र और आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के संयुक्त तत्त्वाधान में गुरुकुल परिसर में पांच दिवसीय आर्यवीर योग एवं जीवन निर्माण शिविर का राज्यपाल आचार्य देवव्रत के ओएसडी एवं प्रख्यात वैदिक विद्वान डा. राजेन्द्र विद्यालंकार द्वारा किया गया। अपने सम्बोधन डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार ने कहा कि आर्यवीर दल के शिविरों का मुख्य उद्धेश्य युवाओं के जीवन का निर्माण करना है क्योंकि आज देश के युवाओं सही मार्गदर्शन की महती आवश्यकता है, यदि देश के युवा सही दिशा में अपनी ऊर्जा का उपयोग करें तो वह न केवल स्वयं महान्ता की श्रेणी को प्राप्त करेगा बल्कि देश को भी उन्नति की ओर लेकर जाएगा। इस अवसर पर गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, शुगनी देवी स्कूल लाडवा के प्रधान अनिल आर्य, समाजसेवी सुशील सेठ, आर्य समाज यमुनानगर के प्रधान मोहित आर्य, आचार्य दयाशंकर, आर्य विद्यापीठ बस्तली के निदेशक कृष्ण आर्य, शिविर संयोजक महाशय जयपाल आर्य, प्रशिक्षण प्रमुख संजीव आर्य सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



### बैठक में आगामी आंदोलन बारे किया विचार विमर्श

**कुरुक्षेत्र।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र की एक बैठक जिला प्रधान ओमप्रकाश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन जिला चेयरमैन जितेन्द्र बंसल ने किया जिसमें विशेष रूप से आने वाले आंदोलन, सदस्यता अभियान पर विचार विमर्श किया गया। 9 जुलाई राष्ट्रव्यापी हड़ताल की बात हो चाहे 15 जुलाई 2025 को रिटायर कर्मचारी संघ के उपायुक्त कार्यालयों पर धरने की बात हो या फिर 17 सितंबर 2025 को दिल्ली जंतर-मंतर पर रिटायर कर्मचारी संघों द्वारा राष्ट्रव्यापी धरने का कार्यक्रम हो, पूरी तैयारी के साथ आंदोलन में भाग लेंगे। अपने जिPले में सदस्यता अभियान के लिए सभी ब्लॉकों में जाने के लिए कमेंटियों का गठन किया गया जो निम्न प्रकार से है। जिसमें ओमप्रकाश, मानसिंह, महावीर सिंह दहिया, जितेन्द्र बंसल, संत कुमार, बलजीत सिंह कुंडू का नाम निश्चित किया गया। विचार विमर्श के बाद यह भी तय किया गया कि हर महीने के पहले शुक्रवार को जिला कार्यकारिणी की बैठक बुलाई जाए।



### धार्मिक स्थलों का विकास सरकार की प्राथमिकता : तुषार

**पिहोवा।** मुख्यमंत्री नायब सैनी के नवनियुक्त मीडिया कॉर्डिनेटर तुषार सैनी आज संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर सचिव महंत विश्वनाथ गिरी से आशीर्वाद लिया। पंडित सतीश शर्मा ने विधि विधान से पूजन अर्चन करवाया। तुषार सैनी ने कहा कि धार्मिक स्थलों के विकास को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बेहद गंभीर है। इस दौरान मंदिर सेवादल प्रबंधक भूषण गौतम ने अरुणाय धाम से लेकर एनएच 152 तक सड़क निर्माण की मांग पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण की मांग सरकार के समक्ष प्रक्रिया में है। यदि सड़क बनती है तो मेले के समय जाम की स्थिति से बचा जा सकेगा। ट्रैफिक के प्रवेश और निकासी का अलग अलग रास्ता बन सकेगा। जिस पर तुषार सैनी ने आश्वासन दिया कि वे जल्दी मुख्यमंत्री से मिलकर इस मांग को पूरा करवाने के लिए बातचीत करेंगे। इस अवसर पर थानापति धीरज पुरी, भूषण गौतम, लाडी पाल, जसविंदर सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।



### योग दिवस पर बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें : डीडी शर्मा

**पिहोवा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि योग भारत की एक प्राचीन पद्घति है जो प्रत्येक व्यक्ति को न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाती है। वे सोमवार को उपमंडल पिहोवा के गांव दिवाना में मार्कंडेय ऋषि मंदिर के समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। जय भगवान शर्मा डीडी ने सोमवार को गांव दीवाना में मार्कंडेय ऋषि मंदिर के शिलान्यास का रिबन काटा। इस मौके पर उन्होंने गांववासियों को 21 जून को इंटरनेशनल योग दिवस के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र में निर्धारित स्थान पर प्रातः 4 बजे पंहुचने के लिए प्रेरित किया तथा आमजन से आग्रह किया कि वे इस मौके पर पंहुचकर योग दिवस में अपना योगदान दें। इस दौरान दो बसों की सुविधा विशेष तौर पर गांववासियों के लिए उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस मौके पर योग शिक्षक ताराचंद व गांव दिवाना के सरपंच रामनाथ ने भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी का स्वागत किया।



### कुरुक्षेत्र के निखिल ने चौथी हरियाणा जूनियर राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य खेल विभाग कुरुक्षेत्र बाक्सिंग सेंटर के खिलाड़ी निखिल ने चौथी हरियाणा जूनियर राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया है। इस खिलाड़ी ने प्रशिक्षक जितेन्द्र सिंह के साथ-साथ कुरुक्षेत्र का नाम रोशन किया है। जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने प्रशिक्षक जितेन्द्र सिंह व खिलाड़ी निखिल को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाक्सिंग खिलाड़ी निखिल ने खेल विभाग कुरुक्षेत्र का नाम रोशन किया है। इससे दूसरे खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी। प्रशिक्षक जितेन्द्र सिंह ने कहा कि चौथी हरियाणा जूनियर राज्य स्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 4 जून से लेकर 7 जून 2025 तक रोहतक एनवीए साई सेंटर में किया गया। इस प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र के खिलाड़ी निखिल ने 63 से 66 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया है। उन्होंने कहा कि यह खिलाड़ी द्रोणाचार्य स्टेडियम में लगातार अभ्यास कर रहा है और डीएसओ मनोज कुमार के दिशा निदेर्शानुसार खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।




### मेघा माजरा दुनियां माजरा में जांचा 91 लोगों का स्वास्थ्य

**पिहोवा।** लोगों तक निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिंदल की ओर से चलाई गई मेडिकल वैन गांव मेघा माजरा और दुनियां माजरा में पहुंची। इन दोनों गांवों में डॉ. प्रमोद के नेतृत्व में टीम ने ग्रामीणों का चेकअप करने के बाद उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई। गांव मेघा माजरा में 82 लोगों को दवा देने के साथ 15 मरीजों लैब टेस्ट किए गए। जबकि दुनियां माजरा में 9 ओपीडी के साथ 3 लैब टेस्ट हुए। कुल 91 लोगों तक निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया गया। यशस्वी योजना से संबंधित कई आवेदन शिविर में पहुंचे। सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि मंगलवार को सुबह 10 बजे से सांय 4 बजे तक इस्माइलाबाद के पुराने शिव मंदिर में मेडिकल कैंप लगाया जाएगा।

## एक्टिव लर्निंग का अर्थ सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेना : अभिमन्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- नवयुग स्कूल में टीचर्स के लिए ट्रेनिंग सैशन का किया आयोजन

नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में टीचर्स के लिए ट्रेनिंग सैशन का आयोजन किया गया जिसका विषय एक्टिव लर्निंग रहा। सैशन का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर बी डी गाबा एवं प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा तथा ट्रेनर अभिमन्यु द्वारा माता सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर टीचर्स ट्रेनर अभिमन्यु ने बताया कि एक्टिव लर्निंग का अर्थ है, सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेना, बजाय कि सिर्फ निष्क्रिय रूप से जानकारी ग्रहण करना है। यह शिक्षण का एक दृष्टिकोण है जो छात्रों को पाठ में भाग लेने और जानकारी के साथ बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित करता है।सोचने, लिखने, बातचीत करने और समस्या समाधान के माध्यम से पाठ्यक्रम सामग्री को संसाधित करने के अवसर छात्रों को सीखने के लिए कई रास्ते प्रदान करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर श्री बी डी गाबा जी, प्रशासक श्री विकास गाबा, उप प्रधानाचार्या रिद्धिमा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी,अध्यापिका मंजीत, नीतू आदि मौजूद रहे।



**सम्मान** कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने किया छात्रा अनुष्का शर्मा को सम्मानित

# बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता : प्रो. सचदेवा

छात्रा को एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने पर मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र।

कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा अनुष्का शर्मा को एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने पर सोमवार को कुलपति कार्यालय में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल ने सम्मानित किया। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने छात्रा अनुष्का शर्मा को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना जरूरी है। उन्होंने खिलाड़ी अनुष्का को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए अपने परिवार व विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने पर बधाई दी। छात्रा अनुष्का शर्मा ने 10 से 24 मई तक एएसबीसी द्वारा श्रीलंका के कोलंबिया में आयोजित एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 81 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। वहीं कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल ने भी छात्रा को आशीर्वाद देते हुए जीवन में आगे बढ़ने के लिए स्कूल प्रशासन द्वारा हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।



#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर स्कूल के प्रधाचार्य डॉ. सुखविन्द्र सिंह व अनुष्का शर्मा के पिता पवन शर्मा मौजूद रहे।

### सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के आयोजन के लिए स्कूल सम्मानित

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में सूर्य नमस्कार के सफल आयोजन के लिए पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पूरे प्रदेश भर के 214 स्कूलों के प्राचार्यों को सम्मानित किया था। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने स्कूल के प्राचार्य डॉ. सुखविन्द्र सिंह को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

### बहु उद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सीएमओ को सौपा ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** बहु उद्धेशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने जिओ फेंस आधार हाजिरी को लेकर सीएमओ कुरुक्षेत्र को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में जिओ फेंस आधारित हाजिरी ना लगाने की मांग की गई। जिला प्रधान सतीश कुमार व जिला सचिव विक्रम लाठर ने ज्ञापन उपरांत बताया कि जिओ फेंस आधारित हाजिरी पूर्ण रूप से कर्मचारियों की निजिता का हनन है। सरकार से गुजारिश की गई कि इस ऐप्प को वापिस ले अन्यथा बहु उद्धेशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता एसोसिएशन कड़ा कदम उठाएगी और भाईचारे के हित मे कोई ठोस निर्णय लेगी। ज्ञापन के दौरान जिला कमेटी कुरुक्षेत्र से जिला प्रधान सतीश कुमार, जिला सचिव विक्रम लाठर, सह सचिव मनोज कुमार व एसोसिएशन के सदस्य निर्मल देवी, राज रानी, नीलम, सुभाषवति, संजय कुमार, देवेंद्र, पवन कुमार उपस्थित रहे।



### परिंदों के लिए बनवाए 101 कृत्रिम घोंसले

**कुरुक्षेत्र।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रशंसनीय पहल करते हुए पर्यावरण लवर विक्की भिंडर ने परिंदों के लिए 101 कृत्रिम घोंसले बनवाकर एक मिसाल कायम की है। यह कदम न केवल पक्षियों को सुरक्षित आश्रय देने की दिशा में सराहनीय है, बल्कि मानव और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखने का संदेश भी देता है। विक्की भिंडर लंबे समय से पर्यावरणीय मुद्दों पर सक्रिय हैं और समय-समय पर वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान तथा जल संरक्षण जैसे अभियानों में अपनी भागीदारी निभाते आए हैं। इस बार उन्होंने परिंदों की घटती संख्या और उनके प्राकृतिक आवासों के नष्ट होने की चिंता को समझते हुए यह नेक कार्य किया। विक्की भिंडर ने कहा कि शहरीकरण और पेड़ों की कटाई के कारण पक्षियों के घोंसले बनाने की जगहें कम होती जा रही हैं। विक्की भिंडर ने कहा कि यह घोंसले पार्कों, स्कूलों, मंदिरों और हरे-भरे क्षेत्रों में लगाए गए हैं, जिससे अधिक से अधिक पक्षियों को इसका लाभ मिल सके। विक्की भिंडर का यह प्रयास न केवल पर्यावरण के लिए फायदेमंद है, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणा भी विक्की भिंडर ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए लोगों से अपील की है कि वह छतों पर छांव में पानी भर के रखें ताकि प्यास के कारण पक्षी न तड़पे।

## खबर संक्षेप

### गांव मनूमाजरा से युवक लापता

**बराड़ा।** गांव मनूमाजरा से एक युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। गांव के रहने वाले मामचंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका 22 वर्षीय पुत्र सरवर 3 जून 2025 को रोजगार की तलाश में घर से निकला था लेकिन तब से अब तक वापस नहीं लौटा है। पुलिस ने पिता की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है।

### मानसिक रूप से बीमार बुजुर्ग महिला लापता

**अंबाला।** मानसिक रूप से बीमार बुजुर्ग महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। वह 6 जून की शाम को बिना कुछ बताए घर से निकल गई थी। जिसके बाद वह अब तक वापस नहीं लौटी है। अब पुलिस ने पूरे मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंबाला शहर की कमलेश वर्मा ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी दादी गेंदाई देवी जिनकी उम्र करीब 80 साल है, बिना कुछ बताए घर से लापता हो गई। जिसके बाद आस-पड़ोस और रिश्तेदारों में काफी तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार तीन घायल, केस

**अंबाला।** एक कार ने स्कूटी सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। टक्कर में तीनों घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों ने घायलों को अस्पताल में दाखिल करवाया है। जिसके बाद पुलिस भी सूचना पर पहुंची और मामला दर्ज कर लिया है। नारायणगढ़ के गुलशन कुमार ने बताया कि उसकी सबसे छोटी बहन पिंकी की गांव जमालपुर जिला यमुनानगर में पवन कुमार के साथ शादी हुई थी। उन्होंने बताया कि 7 जून की शाम वह और उसकी बहन और उसके बेटे को साथ लेकर जमालपुर जा रहा था।

### 1.51 किलो ग्राम चरस के साथ बाइक सवार दबोचा

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने गांव चाबरी ओवरब्रिज नेशनल हाइवे 352ए के निकट बाइक सवार व्यक्ति को काबू कर एक किलो 51 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपित चरस बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा था। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव चाबरी नेशनल हाईवे 352ए ओवरब्रिज के निकट एक बाइक सवार व्यक्ति नशीले पदार्थ के साथ खड़ा हुआ है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की जान गई

**कैथल।** हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे के पास सेगा गांव में पैदल जा रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस टक्कर में इस 22 वर्षीय युवक मुकेश उर्फ संजू की मौत हो गई। जैसे ही लोगों ने युवक का शव देखा तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। तितरम थाना में दी गई शिकायत में संजू के चाचा बरेली निवासी पाती राम ने बताया कि उसका भतीजा संजू कुछ वर्ष पहले काम की तलाश में हरियाणा के कैथल में आया था।

### आश्रम में चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सदर थाना नरवाना व सीआईए नरवाना की पुलिस टीम ने आश्रम से नकदी, फोन व अन्य सामान चोरी करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान कर्मगढ़ निवासी दलबीर के रूप में हुई है।

---

### दिशा की मीटिंग से कई अधिकारी गैरहाजिर, अधूरे रिकॉर्ड के साथ पहुंचे अफसर

# गैरहाजिर अधिकारियों को शीघ्र कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश

सांसद वरुण चौधरी व राज्यसभा सांसद कार्तिकेय की मौजूदगी में बैठक हुई


अंबाला। मीटिंग के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते सांसद। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) का आयोजन पंचायत भवन अंबाला शहर में किया गया। इसकी अध्यक्षता लोकसभा सांसद वरुण चौधरी ने की। इस बैठक में सह अध्यक्ष के तौर पर राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने शिरकत की। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सांसदों ने जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते कहा कि योजनाओं का उद्देश्य आम जनता का जीवन स्तर उठाना है और इसमें कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इस बैठक में अनुपस्थित रहे अधिकारियों को शोकाज नोटिस देने तथा कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिन अधिकारियों ने अपने विभाग से सम्बधित आधी अधूरी जानकारी तथा अधूरे आकड़े प्रस्तुत किए उनके खिलाफ भी उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। उन्होंने अमृत 2.0 परियोजना के तहत पानी व सीवरेज लाइन से जुड़े प्रोजेक्ट के कार्य की विजिलेंस इंक्वायरी करवाने के भी निर्देश दिए। इसके साथ-साथ समिति ने नगर निगम के तहत खरीदी गई 28 हजार स्ट्रीट लाइटों की जांच करने के निर्देश दिए। सांसदों ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, अमृत योजना, जल जीवन मिशन, पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना, प्री मैट्रिक छात्रवृति, बेटी बचाओं बेटी पढाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन शहरी व ग्रामीण, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना, श्यामा प्रसाद मुखर्जी अर्बन मिशन, समग्र शिक्षा, बाल सरंक्षण एवं सुरक्षा योजना, संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, आयुष्मान भारत डिजिटल योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के साथ-साथ दूसरी योजनाओं को लेकर भी समीक्षा की। सांसद वरुण चौधरी तथा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि सरकार की योजनाएं तभी सार्थक होंगी जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं को समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभाग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। जिससे की पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा जैसी योजनाओं के अन्तर्गत चल रहें विकास के कार्यों के सूचनापट्ट अवश्य लगाएं जाएं। जिसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यो की वेरिफिकेशन के लिए भी जिम्मेवारी सम्बधित अधिकारी की तय की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि डॉयल 112, सीपीग्राम की जानकारी भी जिला की वेबसाइट पर होनी चाहिए।

#### गुणवत्ता सुनिश्चित करें

सांसद वरुण चौधरी तथा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि वे जमीनी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा अनेकों जन कल्याण की योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का विशेषतौर पर ध्यान रखा जाए और इस बारे में लोगों को भी जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि जब हम अपने आसपास का वातावरण साफ-सुथरा रखेगें तो हम बीमारियों से भी दूर रहेंगे। उन्होनें यह भी कहा कि 4-5 गांवों का एक कलस्टर बनाकर कूड़े का सही प्रकार से निष्पादन किया जाए। उन्होनें नारायणगढ़ ब्लॉक में पायलट बेस पर 7 गांवों के एक कलस्टर में शुरू किए गए डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कार्यक्रम की सराहना करते हुए जिला में इस प्रकार के कलस्टर बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि गोबरधन परियोजना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत वे कलस्टर स्तर पर छोटे ट्रैक्टर ट्रॉली उपलब्ध करवाएंगें। इसके उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए लोकसभा सांसद वरूण चौधरी ने कहा कि लगभग 6 घंटे निगरानी समिति की बैठक हुई है। जिसमें अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए गए हैं।

---


अंबाला। समर कैंप के समापन अवसर पर बीके बहनों के साथ छात्र।

# योग से छात्रों को रिलेक्स रहने के टिप्स बताए

- ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय में चल रहे डिवाइन किड्स समर कैंप का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम दयाल बाग में चल रहा डिवाइन किड्स समर कैंप का सोमवार को समापन हो गया। सब जोन डॉयरेक्टर राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी आशा दीदी के मार्गदर्शन में समापन समारोह हुआ। यह कैंप 8 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए था। इसका उद्देश्य विशेष गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के व्यक्तित्व का विकास रहा। इसमें बच्चों को उनके रोजमर्रा के कार्यों में सही निर्णय लेने में उनका मार्गदर्शन करना, उनमें छिपी कला को निखारना, स्वस्थ जीवनशैली द्वारा कैसे वो अपने आपको खुश रखें और अच्छा महसूस कराएं सिखाना तथा तनाव भरे माहौल में सदा रिलेक्स रहने के लिए जीवन में योग व मेडिटेशन का महत्व बताना रहा। समर कैंप में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने अपनी-अपनी रूचि के अनुसार डांस, संगीत, योग, आर्ट एंड क्राफ्ट और मेमोरी पॉवर इनक्रीस आदि विभिन्न गतिविधियों को सीख कर अपनी-अपनी प्रतिभा और कौशल का विकास किया। इसी के साथ बच्चों को क्या खाना चाहिए, और क्या नहीं इसके बारे में भी विस्तार से बताया गया।

अंतिम दिन उद्योगपति डॉक्टर अनिल जैन की उपस्थिति में पर्यावरण दिवस मनाते हुए सभी बच्चों को सर्टिफिकेट के साथ साथ पौधे भी उपहार के रूप में दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था का संसार को साफ़ सुथरा रखने में विशेष योगदान रहता है। ये बहनें बाहरी गंदगी की सफ़ाई के साथ साथ इंसान की आंतरिक सफ़ाई अर्थात आत्मा की सफ़ाई का कार्य भी करती हैं।

#### ये रहे मौजूद

इस कैंप में फैकल्टी मेंबर के रूप में राजयोगिनी बीके प्रीति दीदी, राजयोगिनी बीके शैली दीदी, डॉ अनमोलिका, ज्योति बत्तरा, शिवसी हांडा, जसमिता हांडा, नवीनता तलवार व अंजू शर्मा राजयोगी बीके करण भाई, राकेश मेहता, राजवीर व सुनील भाई मौजूद रहे।

---

# दाखिले के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया जारी

- बीसीए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस कोर्स को लेकर भी छात्रों का रुझान बढ़ा, बीबीए के लिए भी आ रहे भारी आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जीएमएन कॉलेज में ऑनलाइन पोर्टल पर दाखिला प्रक्रिया चल रही है। कॉलेज में स्नातक के 13 कोर्स की 930 सीट पर दाखिला होगा। 13 कोर्स में से सबसे ज्यादा बीसीए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मांग बढ़ रही है।

इसी तरह बीसीए और बीबीए जैसे प्रोफेशनल कोर्स में भी सीट के मुकाबले ज्यादा आवेदन पहुंच रहे हैं। जिले के कॉलेजों 9 जून आवेदन का आखिरी दिन है। यह तारीख आगे बढ़ने की उम्मीद है। आवेदन को कॉलेजों में स्टाफ की ओर से सत्यापित भी किया जा रहा है। कॉलेज के दाखिला नोडल अधिकारी प्रोफेसर श्याम रहेजा ने बताया कि कॉलेज में प्रोफेशनल कोर्स की ज्यादा मांग है। इन कोर्स में बीबीए, बीसीए, बीसीए आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस कोर्स शामिल हैं। इसी तरह बीए व बीकॉम में भी अभ्यर्थी रूचि दिखा रहे हैं। कॉलेज में कुल 1200 से ज्यादा आवेदन शनिवार तक पहुंच चुके थे। कॉलेज में फार्म को भी सत्यापित किया जा रहा है।

#### दाखिले को लेकर अभ्यर्थियों में उत्साह

कॉलेज में दाखिले को लेकर अभ्यर्थियों में काफी उत्साह है। इस बार स्नातक कोर्स में आवेदन की संख्या में भी बढ़ोतरी हो रही है। प्रोफेशनल कोर्स की मांग भी पिछले वर्षों के मुकाबले बढ़ी है।
**-डॉ. रोहित दत्त,**
प्राचार्य, जीएमएन कॉलेज

#### इन कोर्स में इतनी सीट पर होगा दाखिला

| कोर्स | सीट |
|---|---|
| बीए | 240 |
| बीकॉम जनरल | 80 |
| बीकॉम सेल्फ फाइनांस | 80 |
| बीबीए | 120 |
| बीसीए जनरल | 120 |
| बीसीए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस | 60 |
| बीकॉम ऑनर्स | 30 |
| बीकॉम सीएवंवी | 30 |
| बीए अंग्रेजी ऑनर्स | 30 |
| बीए ऑनर्स राजनीति शास्त्र | 30 |
| बीएससी लाइफ साइंस | 30 |
| बीएससी फिजिकल साइंस | 80 |

---

# भाजपाई हर बूथ पर बीस पौधे रोपित करेंगे

- बिहार के पूर्व मंत्री बिंद बोले भारत रखता है पूरे विश्व का नेतृत्व करने की क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


अंबाला। बिहार के पूर्व मंत्री बिंद का अभिनंदन करते भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा।

भाजपा की जिला इकाई की बैठक आज जिला कार्यालय 'अंब कमल' में संपन्न हुई। जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने बैठक अध्यक्षता की। बैठक में विशेष रूप से बिहार के पूर्व कैबिनेट मंत्री बृज किशोर बिंद और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया उपस्थित रही। बैठक में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के पर /"ग्यारह साल बेमिसाल/" कार्यक्रम के तहत चर्चा की गई। पूर्व कैबिनेट मंत्री बृज किशोर बिंद ने कहा कि यह भारत पूरे विश्व का नेतृत्व करने की ताकत रखता है। देश और देशवासियों का आत्म निर्भर व सशक्त बनाने से लेकर देश की सैन्य शक्ति को बढ़ाने तक का सफर पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रभक्ति के साथ किया है। कहा कि भाजपा सरकार के 11 वर्षों में आमजन के जीवन न केवल सरल है, बल्कि सुखमयी बना है। प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आदर्श छवि की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पूरा विश्व प्रधानमंत्री मोदी की नेतृत्व क्षमता और उनकी सरकार की उपलब्धियों से प्रभावित है। कहा कि ऑपरेशन सिंदूर जैसे सफल ऑपरेशन का उल्लेख किया, जिसने पाकिस्तान को झुकने पर मजबूर किया। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का भी बखान किया, जिन्होंने देश के गरीब और वंचित वर्गों को लाभ पहुंचाया है। जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने कहा कि 5 जून से 15 अगस्त तक पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा जिसमे हर बूथ पर 20 पौधे लगाए जाएंगे।

#### ये रहे मौजूद

बैठक में जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने सभी मंडलों के मंडल संयोजकों 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के साथ बातचीत की। उन्होंने आगामी /"ग्यारह साल बेमिसाल/" कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की जो केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किए जाएंगे। उनकी जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी । राणा ने उन्हें कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश और मार्गदर्शन भी प्रदान किया। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष जगमोहन लाल कुमार, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा ऋचा पाहवा, अरुण भान, मोर्चो के अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्षों ने भाग लिया।

---

# वार्ड नंबर 5 में ट्यूबवेल का निर्माण प्रारंभ

- राफेल की तरह बुलंदियां छुएगा अंबाला: गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


अंबाला। पूर्व मंत्री के प्रतिनिधि रितेश गोयल का अभिनंदन करते डिप्टी मेयर राजेश मेहता व अन्य। फोटो: हरिभूमि

अम्बाला शहर में विकास के पहिए की रफ्तार निरंतर बढ़ती जा रही है। आए दिन शहर के विभिन्न वार्डों में ऐसे विकास कार्य करवाए जा रहे हैं जिनका सीधा लाभ आमजन को मिलेगा। इसी कड़ी में सोमवार को भी वार्ड 5 में पीने के पानी की समस्या को दूर करने के लिए ट्यूबवेल के निर्माण का कार्य आरंभ करवाया गया। पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल ने डिप्टी मेयर राजेश मेहता भाजपा के मंडल अध्यक्ष मनीष आंनद और दिनेश लदाना व इलाका वासियों की मौजूदगी में ट्यूबवेल के निर्माण का कार्य शुरु करवाया। इसके साथ ही इलाके में पानी निकासी की समस्या के समाधान के लिए, पाइपलाइन डालने के कार्य की भी शुरुआत की गई। इस मौके पर रितेश गोयल ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी,सीएम नायब सैनी के नेतृत्व और पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रयासों से अंबाला यूं ही विकास के पथ पर अग्रसर रहेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह अंबाला के आकाश में राफेल उड़ता है इसी तरह अंबाला का विकास भी बुलंदियों को छुएगा।

#### जताया आभार

इसके साथ ही डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने भी अपने वार्ड में हो रहे विकास कार्यों के लिए सीएम नायब सैनी और पूर्व मंत्री असीम गोयल का आभार जताया। डिप्टी मेयर ने बताया कि गर्मी के मौसम में इलाके की पानी की समस्या उन्होंने पूर्व मंत्री असीम गोयल के समक्ष रखी थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए इलाके को यह सौगात दी गई। भविष्य में उनके क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या नहीं होगी। बता दें कि बीते रोज़ बलदेव नगर इलाके में फ्लाईओवर के नीचे बनने वाली पार्किंग,वर्टिकल गार्डन के कार्य की शुरुआत भी की गई थी।

---

# मेयर ने सुनीं लोगों की समस्याएं

- अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के लिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


अंबाला। मेयर शैलजा सचदेवा का अभिनंदन करते कारोबारी। फोटो: हरिभूमि

नगर निगम अंबाला की मेयर शैलजा सचदेवा एवं उनके पति मनोनीत पार्षद संदीप सचदेवा पुरानी अनाज मंडी स्थित सुशील गोयल (पानीपतियां) के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनकर समाधान के आदेश दिए। यहां पहुंचने पर उनका परिवारजनों व साथियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में लोग उनके विचारों को सुनने के लिए पहुंचे। कुछ लोगों ने मेयर के समक्ष अपनी समस्याएं भी रखीं जिन्हें सुनने के उपरांत उन्होंने उनका शीघ्र निवारण करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आप लोगों के बीच आकर आपकी समस्याओं का निराकरण करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन पुनीत जैन ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महामंत्र नवकार से हुआ। इस अवसर पर पुरानी अनाज मंडी के व्यापारीगण, विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

---

# बेहतर तरीके से हो साफ-सफाई

- कार्यकारी वाइस चेयरमैन ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने सोमवार को अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के सभागार मे आयोजित जिला स्तरीय स्वच्छता कार्यशाला मे बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस कार्यशाला शामिल हुए ग्राम सचिव, पंचायत अधिकारी, टास्क फोर्स, ब्लॉक कोर्डिनेटर व अन्य संबंधित से स्वच्छ भारत मिशन के तहत किए जा रहें कार्यों की जानकारी हासिल की। इस दिशा मे और बेहतर कार्य करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला परिषद् अंबाला के डिप्टी सीईओ राजन सिंगला ने मुख्यातिथि का यहां पहुंचे पर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने यह भी कहा कि जिला में जो भी प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है और वहां पर श्रद्धालुओं का बड़ी संख्या में आनाजाना रहता है, ऐसे स्थलों की ओर विशेषतौर पर ध्यान दिया जाए। दिनेश कुमार, मीडिया कोऑर्डिनेटर पवन शर्मा, विशाल सिंगला, शिव कुमार, रजत मलिक मौजूद रहे।

#### पूरी ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करें

सुभाष चंद्र ने कहा कि स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक करने को लेकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जब से स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की गई तब से पूरे देश और हरियाणा मे भी स्वच्छता को लेकर लोगो की उम्मीदें व अपेक्षा ओर ज्यादा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अभियान के तहत जिन-जिन अधिकारियों की जो ड्यूटी लगाई है वह इसमें पूरी ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करें। स्वच्छता अभियान के तहत जो शौचालयों व इस मिशन से जुड़े अन्य कार्य किए जाने है वह सभी कार्य बखूबी पूरे किए जाएं। स्वच्छता के इस कार्य मे संबंधित अधिकारी की पूरी तरह जवाबदेही होगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस अभियान को लेकर प्रदेश के सभी जिलों के अधिकारियों के साथ मिटिंग शुरू की गई है।उन्होंने कहा कि इन कार्याशालाओं को आयोजित करने का उद्धेश्य है स्वच्छ भारत मिशन के तहत जो हमारी उपलब्धियां है उनकी हमें जानकारी होनी चाहिए। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 1 जून से स्वच्छता पखवाड़ा मनाने की घोषणा की है।

---

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले में 8.50 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

# मुख्य सचिव ने अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


अंबाला। मीटिंग में मौजूद प्रशासनिक अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के दृष्टिगत सोमवार को वीसी के माध्यम से उपायुक्तों को जरुरी निर्देश दिए। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत राज्य में पेड़ों के लगाए जाने को लेकर तैयारियों बारे जिलेवार विस्तार से समीक्षा की। मुख्य सचिव ने बैठक कि अध्यक्षता करते हुए उपायुक्तों को एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत पेड़-पौधों को लगाए जाने को लेकर किए जा रहें कार्य एवं तैयारियां बारे विस्तार से जानकारी हासिल की। उन्होंने इस अभियान के तहत जिलेवार निर्धारित लक्ष्यों, पौधों कि उपलब्धता को लेकर अधिकारियों से बातचीत की।

#### पौधो की संख्या जिले की 11 नर्सरियों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

एसडीएम दर्शन कुमार ने वीसी के दौरान मुख्य सचिव को अवगत करवाते बताया कि एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत अंबाला में आठ लाख पचास हजार पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत इस अभियान के सफल आयोजन को लेकर प्राथमिकता के आधार पर सभी तैयारियां की जा रही है। लक्ष्य के अनुसार पौधो की संख्या जिले की 11 नर्सरियों में पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध है। अभियान के तहत पौधे लगाने, स्थानों का चयन व अन्यों कार्यो बारे निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम दर्शन कुमार ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत वन विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों बारे विस्तार से समीक्षा की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष के लक्ष्य को ध्यान मे रखते हुए आपसी समन्वय के साथ कार्यों को पुरा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा मे अनूठी व सार्थक पहल एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्य मे प्रशासन के साथ-साथ जन सहयोग बेहद आवश्यक है। डीएसपी विजय कुमार, डीएफओ राजेश कुमार माथुर, एसडीओ लोक निर्माण विभाग करण सिंह, एसडीओ जिला परिषद् अमन, कृषि विभाग से एसए अनामिका व एएसओ मनजीत कौर भी मौजूद रही।